Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to give compensation to farmers whose crops were damaged due to flood in West Bengal.

श्री सौमित्र खान : महोदय, मैं पश्चिम बंगाल से आता हूँ । मैं जिस क्षेत्र से आता हूँ, वह पूरा ग्रामीण क्षेत्र है और वह पूरा एरिया किसानों का है । पश्चिम बंगाल का किसान बहुत ज्यादा समस्या में है । हर महीने वहाँ परिवेश खराब हो जाता है । वहाँ बहुत बाढ़ आती है । इस बार भी जो जवाद बाढ़ आई है, उससे धान और आलू की खेती करने वाले बहुत से किसानों की फसल बर्बाद हो गई है । पिछली बार हमने देखा था कि जब अम्फान आया था तो उस टाइम प्रधान मंत्री जी ने जाकर 2200 करोड़ और एक हजार करोड़ रुपया राज्य सरकार को दिया था, लेकिन उसके बाद पंचायत में बहुत घोटाला हुआ और किसी भी किसान को पैसा नहीं मिला । मेरी विनती है कि इस बार जवाद बाढ़ में जिन किसानों का नुकसान हुआ है, उनके लिए 500 करोड़ रुपये की मदद की जाए और डायरेक्ट पैसा किसानों के बैंक खाते में जाए । मेरी किसानों के लिए यह विनती है । किसान रहेगा तो हम लोग रहेंगे । धन्यवाद ।